दूरभाष: PBX-27620121, 22, 24

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut
## राष्ट्रीय सेवा योजना
## NATIONAL SERVICE SCHEME

पत्रांक 104/021/N.S.S./840
दिनांक 05/07/2020

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त महाविद्यालय / संस्थान

राष्ट्रीय सेवा योजना

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,

मेरठ

विषयः नई संस्थाओं में रा0से0यो0 इकाईयों के सृजन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सत्र 2020–21 हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की नई इकाईयों के सृजन के लिए आवेदन अपेक्षित है जो महाविद्यालय / संस्थान रा0से0यो की नई इकाई का सृजन करना चाहते हैं वह पत्र के साथ संलग्न प्रारुप को भरकर महाविद्यालय की सम्बद्धता से सम्बन्धित पत्राजात सहित 16 जूलाई, 2020 तक राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। आवेदन के इच्छुक महाविद्यालय / संस्थान आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त संस्थान में स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम पिछले तीन वर्षों से संचालित हो, स्नातक स्तर पर छात्रों की संख्या 100 से कम ना हो तथा आवेदन पत्र आवश्यक पत्राजात सहित पूर्ण रूप से भरा हो। साथ ही महाविद्यालय द्वारा कोवडि–19 या अन्य सामाजिक गतिविधियां सम्पन्न करायी हैं तो एक्सन फोटो ग्राफ्स, अखबार की कटिंग रिर्पोट के रूप में पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें। अपूर्ण आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा । निर्धारित समय अवधि के पश्चात किसी भी संस्थान का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

अतः इच्छुक महाविद्यालय / संस्थान निर्धारित समयावधि तक आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा वि०वि० कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

संलग्नः प्रारूप II

भवदीय

V. Singh 05/07/20

(डा0 वीरेन्द्र सिंह)

कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ

# प्रारुप– ।।

## वर्ष 20......–20........ में नई संस्थाओं के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों का आवंटन प्रस्ताव

## महाविद्यालय / माध्यमिक शिक्षा मण्डल / प्राविधिक शिक्षा क्षेत्र / जोन का नामः–

| क्रम सं0 | विश्वविद्यालय परिसर / महाविद्यालय / माध्यमिक विद्यालय / पॉलिटेक्निक संस्था का नाम | शासन द्वारा स्थायी मान्यता प्रदान करने का वर्ष (मान्यता प्राप्ति की फोटो प्रति भी संलग्न करें) | वर्तमान वर्ष में अध्ययनरत् छात्रों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष | स्नातक / पॉलिटेक्निक संस्था<br>माध्यमिक शिक्षा | | योग |
| | | | | प्रथम वर्ष<br>कक्षा–11 | द्वितीय वर्ष<br>कक्षा–12 | |
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | | |

| राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित छात्र संख्या | राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई आवंटन कराये जाने का औचित्य (अधिकतम 30 शब्दों में) |
|---|---|
| 7 | 8 |
| | |

वर्तमान वर्ष विश्वविद्यालय परिसर, महाविद्यालय स्तर पर स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष, पॉलिटेक्निक कॉलिज में प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष तथा माध्यमिक शिक्षा स्तर पर कक्षा–11 व 12 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या अंकित की जाये। अध्ययनरत् छात्रों की संख्या का सत्यापन विश्वविद्यालय परिसर / महाविद्यालय स्तर पर कुलसचिव, पालिटेक्निक संस्था स्तर पर क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, माध्यमिक शिक्षा कालेज स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जायेगा।

प्रमाणित किया जाता है कि मेरी जानकारी एवं विश्वास में उपर्युक्त सभी सूचनाऐं पूर्णतः सत्य है तथा उपर्युक्त कालम संख्या–7 में प्रस्तावित छात्र संख्या के अनुसार सम्बन्धित शिक्षण संस्था योजना के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक संरचनात्मक सुविधाऐं तथा निर्धारित समयावधि में प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारी उपलब्ध कराने के साथ–साथ शासन तथा भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अक्षरशः पालन के लिए वचनबद्ध है।

दिनांक ........................

अध्ययनरत् छात्रों की संख्या सत्यापित

हस्ताक्षर–प्राचार्य<br>(सील सहित)

स्थानः..........................

संलग्नकः–स्ववित्त पोषित कालेज की मान्यता प्राप्ति की सत्यापित फोटो प्रति।

हस्ताक्षर–विश्वविद्यालय स्तर पर कुलसचिव / माध्यमिक कालेज स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक / पालिटेक्निक संस्था स्तर पर क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (सील सहित)